जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 02.01.2025

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 6002 द्वारा मारपीट में घायल व्यक्ति को भेजवाया गया अस्पताल– पीआरवी 6002 थाना को० खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत भाटपार से कालर श्री आजाद पुत्र प्रहलाद ग्राम भाटपार को० खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर ने डीजे बजाने के विवाद में मारपीट होने से स्वयं के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुँचकर उक्त घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु सीएचसी खलीलाबाद भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना को० खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर मारपीट में घायल व्यक्ति को ईलाज हेतु सीएचसी खलीलाबाद भेजवाया गया। जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी।

***पीआरवी स्टाफ-* मु०आ० असगर अली, आरक्षी सुधीर तिवारी, हो०चा0 रशीद अहमद।**

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 38 वाहनों से 38,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 02.01.2025 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 38 वाहनों से 38,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

साइबर क्राइम थाना, जनपदीय सोशल मीडिया सेल व मेहदावल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा डिजिटल वॉरियर्स कार्यशाला का आयोजन कर साइबर क्राइम के बारे मे किया गया जागरुक

आज दिनांक 02.01.2025 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर *श्री सत्यजीत गुप्ता* के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर *श्री सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल *श्री केशवनाथ* के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना *श्री आलोक सोनी* व प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल *श्री रामकृपाल सिंह* के नेतृत्व मे डी.ए.वी. इण्टर कालेज मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर में कॉलेज के प्रबन्धक श्री गौरी प्रसाद गुप्ता, प्रधानाचार्य श्री के0पी0 सिंह व समस्त अध्यापकगण के साथ समस्त छात्र / छात्रों को डिजिटल वॉरियर्स बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा डिजिटल वॉरियर्स के क्या काम होंगे जैसे अफवाहों को रोकना, अफवाहों को खंडन करना, सोशल मीडिया पर ऐसे फेक न्यूज़ जो सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ते हैं उनका खंडन करना, सोशल मीडिया के किसी भी सूचना को बिना जाने समझे शेयर ना करना पुलिस के कार्यों को प्रोत्साहित करना। इसके लिए उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक द्वारा जारी किए गाइडलाइन के अनुसार डिजिटल वॉरियर्स बनाए जा रहे हैं इसके साथ-साथ साइबर क्राइम जागरूकता जिसमें खास तौर से डिजिटल हाउस अरेस्ट जैसे कॉन्सेप्ट के बारे में बताया गया कि हम कैसे साइबर क्राइम से इस नए प्रकार के साइबर क्राइम से बच सके इसके साथ ही साथ नारी सशक्तिकरण अभियान व महिला संबंधी अपराधों के रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी छात्र / छात्राओं को सशक्तिकरण संबंधित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे- 1090,1076, 1098, 181, 112, 102, 108, 1930 व थाने का सी0यू0जी0 नंबर 9454404316 को संकट के समय में उपयोग करने हेतु बताया गया।